an>

Title: Need to conduct an enquiry into burning of power transformers in Rampur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : अध्यक्ष महोदया, उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले से सम्बन्धित समस्या की ओर मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। रामपुर मेरा संसदीय क्षेत्र भी है। वहां पर सबसे बड़ी समस्या यह है कि पूरे जिले में बिजली के तार गड़बड़ा गए हैं, पुराने हो चले हैं, जिस कारण टूट जाते हैं। वहां पर जनरली 25 किलोवाट के ट्रांसफार्मर्स लगाए जाते हैं, जो कि फुंक जाते हैं। इससे वहां पर काफी समस्याएं पैदा हो रही हैं। किसान दुखी है। दोबारा ट्रांसफार्मर्स लगाने में काफी समय लगता है और कभी-कभी तो उसमें भ्रष्टाचार भी होता है। केन्द्र से प्रदेश सरकार को यह निर्देश दिया जाए कि बजाए 25 किलोवाट के ट्रांसफार्मर्स, जो लोड बढ़ने से फुंक जाते हैं, अधिक पावर के ट्रांसफार्मर्स लगाए जाएं। जिससे यह समस्या खत्म हो सके और किसान को सिंचाई में सहायता मिल सके।